सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## षोडश सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-3

बुधवार, तिथि 18 चैत्र, 1937 (श0) / 08 अप्रील, 2015 (ई0)

प्रश्नों की कुल संख्या 174

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | 88 |
| (2) पथ निर्माण विभाग | .. | .. | 28 |
| (3) ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | 07 |
| (4) जल संसाधन विभाग | .. | .. | 23 |
| (5) लघु जल संसाधन विभाग | .. | .. | 20 |
| (6) श्रम संसाधन विभाग | .. | .. | 01 |
| (7) भवन निर्माण विभाग | .. | .. | 04 |
| (8) पंचायती राज विभाग | .. | .. | 03 |
| | | कुल योग — | 174 |

निर्माण शीघ्र कराना

''क''-*140. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड प्रखंड के वार्ड नं0 7 के मस्जिद से माली टोला पथ में पुल का निर्माण कार्य मुख्य मंत्री सेतु निर्माण योजना से 25 लाख की लागत से वित्तीय वर्ष 2012-13 में स्वीकृति के बावजूद आजतक उक्त पुल का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कार्य शीघ्र कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण करना

''ख''-*715. डॉ0 उषा विद्यार्थी--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पालीगंज प्रखंड के सरसी, सियारामपुर, मुगिला, खनपुरा, अमरपुरा एवं प्रखंड कार्यालय परिसर में आँगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण कार्य जनवरी, 2013 ई0 में शुरू करने के बाद कार्य पूरा किये बिना बंद कर दिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इन अधूरे पड़े आँगनबाड़ी केन्द्रों के भवनों का शीघ्र निर्माण कराना चाहती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ बनाना

*1055. श्री शैलेश कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के धरहरा प्रखंड के एन0एच0 80 हेमजापुर से महरना पथ में तीन पुल, पुल निगम के द्वारा बन गया है लेकिन सड़क नहीं बनने से ग्रामीणों को काफी कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ रेलवे स्टेशन से एन0 एच0 80 को जोड़ने वाली एक मात्र पथ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार हेमजापुर से महरना पथ को बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ की मरम्मती

*1056. श्री छोटे लाल राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत प्रखंड दरियापुर के सुन्दरपुर-परसौना पथ एवं दरियापुर-अकिलपुर-बजहीया पथ जर्जर होने के कारण आम जनता को आवागमन में दिक्कत होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों पथ प्रखंड मुख्यालय को जोड़ती है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों पथों की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--''क''-दिनांक 19 मार्च, 2015 को सदन द्वारा पथ निर्माण विभाग में स्था0 ।

''ख''-दिनांक 31 मार्च, 2015 को सदन द्वारा समाज कल्याण विभाग से पंचायती राज विभाग में स्था0 ।

## सड़क का पक्कीकरण

*1057. श्री रामावतार पासवान--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाढ़ प्रखंड झंझारपुर 1 कमला बलान के बायाँ एवं दायाँ तटबंध पर अँधराढाढ़ी प्रखंड के रखवारी बड़ वृक्ष से पिपराघाट मठ तक जानेवाली सड़क के पक्कीकरण नहीं होने के कारण लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बरसात में लोगों का अनुमंडल मुख्यालय, झंझारपुर से सम्पर्क टूट जाता है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त महत्वपूर्ण सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है ?

-------

## सड़क का निर्माण

*1058. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के संझौली पंचायत में कदवा गाँव के एकबाल चौक से ग्यास (पूर्व मुखिया) के घर होते हुये पकड़ीया से कलाम चौक तक की सड़क कच्ची है जिससे कसबा प्रखंड एवं डबरूआ प्रखंड के आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## सड़क का निर्माण

*1059. श्री अवधेश सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत हाजीपुर प्रखंड के लालगंज रोड में चाँदी बजरंग बली के निकट में जगदम्बा स्थान होते हुये दौलतपुर चाँदी, मध्य विद्यालय से विजय सिंह के घर तक सड़क 10 वर्षों से काफी जर्जर होने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पुनः निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

## सड़क का जीर्णोद्धार

*1060. श्री मनीष कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत रजौन प्रखंड में नवादा बाजार से सहकरा होते हुये कोतवाली तक राजावर चौक से नवादा बाजार तक तथा नवादा-गोपालपुर-कोतवाली तक की सड़कें चार वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़कों का जीर्णोद्धार का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ की मरम्मती

*1061. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि ग्रामीण कार्य प्रमंडल, कटिहार अंतर्गत ग्रामीण पथों के अनुरक्षण हेतु श्रेणी I के लिये प्रस्तावित चाँदनी चौक से हफलागंज-कुरेठा पथ, दलन चौक के मिलिट्री कैम्प तक, सरवासा-दिग्धी एम0 एम0 जी0 एस0 वाई0 रोड से शिव मंदिर के पास कटिहार-सोनैली पथ तक, कटिहार-पूर्णियाँ रोड से कनवा टोला एवं कटिहार-डंडखोरा पथ की स्थिति जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथों की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*1062. श्री सत्यदेव नारायण आर्य--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा ब्लॉक, राजगीर, गिरियक, सिलाव एवं बिहारशरीफ प्रखंडों में अभीतक ग्राम पंचायत भवन का निर्माण नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंडों में ग्राम पंचायत भवन का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क को पूर्ण कराना

*1063. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिले के दौला पंचायत में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत समदा से बलियाडांगा (8 कि0 मी0) सड़क का निर्माण पिछले तीन साल से अधिक समय से चल रहा है, परन्तु अभीतक कार्य पूर्ण नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पिछले एक साल से उक्त सड़क का निर्माण कार्य बन्द है, जिस कारण उक्त सड़क से लोगों को पैदल चलने में भी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

तालाब का जीर्णोद्धार

*1064. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला अंतर्गत कुर्था विधान-सभा क्षेत्र के प्रखंड कुर्था के कुर्था प्रखंड परिसर में स्थित तालाब, ग्राम-सच्चाई तालाब एवं ग्राम-नदौरा स्थित तालाब बहुत ही जनोपयोगी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त तीनों तालाबों में मिट्टी भर जाने से गहराई कम हो गई है और प्राय: पानी नहीं रहने से आस-पास के गाँवों के पानी का लेयर भाग जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तालाबों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## पुल का निर्माण

*1065. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखंडान्तर्गत ठाकुरगंज से मुरालीगच्छ जाने वाली पी० डब्लू० डी० में अधिग्रहित की गई सड़क के मानिकपुर के पास चेंगा नदी पर बना पुल क्षतिग्रस्त अवस्था में है, जिससे क्षेत्र के तीस हजार से अधिक जनसंख्या को आवागमन में कठिनाई उत्पन्न हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखंड के लगभग चार पंचायतों को प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने वाली यही एकमात्र मार्ग है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## सड़क का निर्माण

*1066. श्री अमन कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अंतर्गत कहलगाँव प्रखंड के नन्दलालपुर पम्प से रामपुर होते हुये मथुरापुर एन० एच० तक की सड़क जर्जर अवस्था में है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## कल्भर्ट बनाना

*1067. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखंड अंतर्गत फुलहारा ग्राम पंचायत के फुलहारा [illegible] में प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना सड़क और चालेश्वर मण्डल के घर के बीच कल्भर्ट नहीं रहने के कारण उस टोले के लगभग 200 आबादी के लोगों को सड़क पर आने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार वहाँ कबतक कल्भर्ट बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## पुल की मरम्मती

*1068. श्री महेश पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत फलका प्रखंड के दनार घाट पर अवस्थित स्क्रू पाईलिंग पुल क्षतिग्रस्त है, जिससे कभी भी कोई दुर्घटना घट सकती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुल की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*1069. श्रीमती ज्योति रश्मि--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अन्तर्गत डिहरी प्रखंड में डिहरी-नासरीगंज रोड से मझौआँव तक रोड काफी जर्जर हो चुकी है, यदि हाँ, तो सरकार मझौआँव पथ का निर्माण कार्य कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

सड़क की मरम्मती

*1070. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत किलाघाट से एकमी जाने वाली प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क की हालत अत्यंत जर्जर है, जिससे आवागमन में आमजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------

पुनर्वासित करना

*1071. श्री आनन्दी प्रसाद यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अंतर्गत सिकटी प्रखंड के ठेंगहापुर पंचायत के अंतर्गत ठेंगहापुर पिपरा, गाँव बकरा नदी के कटाव से काफी लोग विस्थापित हो गये हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के सिकटी प्रखंड के अंतर्गत मजरक पंचायत के संजय सिंह टोला बकरा नदी के कटाव से पूरा गाँव विस्थापित होने की संभावना है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड (1) एवं (2) में वर्णित बकरा नदी के कटाव से विस्थापित गाँव को पुनर्वासित करने एवं बचाव कार्य शुरू करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

सड़क का जीर्णोद्धार

*1072. श्री सबा जफर--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा से गेरूआ तक जानेवाली 24.5 कि॰मी॰ लंबी प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना की सड़क है, पिछले चार वर्षों से जीर्ण-शीर्ण है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

पुल का निर्माण

*1073. श्री अमरनाथ गामी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहेड़ी प्रखंड अंतर्गत मेंहनिया पंचायत के सलहा ग्राम

में एवं धनौली पंचायत के धनौली घाट पर पुल नहीं होने के कारण प्रखंड मुख्यालय जाने में 70 हजार की आबादी को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपरोक्त स्थल पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

-------

कार्रवाई करना

*1074. श्री उमा कान्त यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखंड स्थित झंझारपुर कार्य प्रमंडल के क्षेत्राधीन प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना सिकरिया से पुरे रामचन्द्र तक पुरे रामचन्ना से बिचौलिया पक्की सड़क तक जानेवाली पथ दो वर्ष पूर्व निर्माण कराया गया था जो जर्जर स्थिति में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निर्मित सड़क के रख-रखाव हेतु संवेदक से 5 वर्षों के लिये एकरारनामा किया गया था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क को एकरारनामा के तहत पुनः सुदृढ़ीकरण कराने हेतु कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------

पुल का निर्माण

*1075. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर प्रखंड के विक्कूपट्टी कमला नदी पर पुल का निर्माण नहीं होने के कारण 25 हजार की आबादी को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार विक्कूपट्टी कमला नदी पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है ?

------

सड़क का निर्माण

*1076. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर विधान-सभा क्षेत्र के अजाव से कटरिया सड़क सोनवर्षा कलियाँ स्थान से अजाव बाजार, जितौरा से जमुआ सड़क, दियरा से खगनी पी०एम०जी०एस०वाई० सड़क विगत 5 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*1077. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखंड स्थित डारह पंचायत के डारह गाँव के लोगों को मरौना-निर्मली मुख्य सड़क पर आने-जाने के लिये कच्ची सड़क उपलब्ध है, जो बरसात के दिनों में चलने लायक बिल्कुल नहीं रह जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि डारह गाँव अल्पसंख्यक बहुल गाँव है, जिसका सड़क सम्पर्क मधेपुर प्रखंड मुख्यालय से बिल्कुल नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार डारह गाँव से मरौना-निर्मली पक्की सड़क तक सड़क निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी के विरुद्ध कार्रवाई

*1078. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत तरैया प्रखंड में ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मढ़ौरा के अधीन देवराडी सरकारी गाँछी से अढ़ारपुर पथ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ का निर्माण कार्य प्राक्कलन में वर्णित कंडिकावार विशिष्टियों के अनुरूप योजना-कार्य संपादित नहीं हो रहा है जो कार्य हुआ है उसकी गुणवत्ता सही नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त पथ की जाँच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला का निर्माण

*1079. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के तिलौथु में मुख्य पथ के दोनों तरफ नाला नहीं होने के कारण ग्रामीणों को जल निकासी की सुविधा के अभाव में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वर्णित पथ के किनारे जल निकासी हेतु नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कटाव से बचाव

*1080. श्रीमती मंजु कुमारी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के पूसा प्रखंड के ग्राम-हरपुर, बिशनपुर, बिरौली, मोरसंड आदि ग्रामों में बूढ़ी गंडक नदी से भीषण कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार बूढ़ी गंडक नदी से हो रहे कटाव की रोक-थाम के लिये कटाव निरोधक कार्य कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बाँध का जीर्णोद्धार

*1081. श्रीमती पूनम देवी यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के एन०एच० 107 से लेकर सतीशनगर

पहाड़पुर तक जानेवाली कच्ची जी०एन० बाँध के चौड़ीकरण एवं पक्कीकरण का प्रस्ताव विभाग में वर्ष 2011-12 से लंबित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कोसी पुनर्निर्माण योजना फेज 2 में इसके निर्माण के लिये विभाग द्वारा डाल दिया गया है जबकि यह बाँध पूर्णतया ग्रामीण सड़क का कार्य कर रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बाँध का चौड़ीकरण और उच्चीकरण कराते हुये कालीकरण करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*1082. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत हलसी प्रखंड के प्रतापपुर पंचायत चमुआरा गाँव के निकट सौंम नदी प्रभावित होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बरसात के दिनों में इस क्षेत्र के लोगों का प्रखंड मुख्यालय से सम्पर्क भंग हो जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सौंम नदी पर पुल बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सामुदायिक भवन बनाना

*1083. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखंड अंतर्गत कुरेठा ग्राम पंचायत के बलवा महादलित टोला में सामुदायिक भवन नहीं रहने के कारण लोगों को सार्वजनिक कार्य में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार वहाँ कबतक सामुदायिक भवन निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

दोषी पर कार्रवाई

*1084. डॉ० अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी प्रखंड में मुख्य मंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत तिलजा से तेलवा तक सड़क निर्माण की स्वीकृति वित्तीय वर्ष 2013-14 में मिली थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि संवेदक द्वारा कुछ कार्य कराया भी गया, परन्तु एक वर्ष से कार्य बिल्कुल बंद पड़ा है, जिस कारण आमजन को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी संवेदक पर कार्रवाई करते हुये काम को पूर्ण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पर कार्रवाई

*1085. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत तरैया प्रखंड में पैकेज सं० (1)बी०आर०/09/55 राम कोला से डुमरी (2)बी०आर०/09/51 पचरौड़ से भरगार्त पथ प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा बनाया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ में स्वीकृत प्राक्कलन में वर्णित कंडिकावार विशिष्टियों के अनुरूप योजना कार्य सम्पादित नहीं हो रहा है तथा जो कार्य हुआ है उसकी गुणवत्ता सही नहीं है और समय अवधि में कार्य पूरा नहीं हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथों का निर्माण कार्य में हो रहे धांधली की जाँच कराते हुये दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

दोषी पर कार्रवाई

*1086. डॉ० इजहार अहमद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के गौड़ा बौराम विधान-सभा क्षेत्र के मुख्य मंत्री सेतु योजना दो कसरौर बसौली पुल, कसरौर जिरौना पुल, बगरहट्टा-सुपौल पथ में पुल, भुसकौल संस्कृत विद्यालय के पास पुल की स्वीकृति हुये पाँच वर्ष हो गया एवं कार्य भी आरम्भ हुये हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि प्राक्कलन के अनुसार उक्त कार्यों को विगत तीन वर्ष पूर्व ही पूरा किया जाना था लेकिन आजतक कार्य अधूरे पड़े हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो इसका क्या औचित्य है तथा आजतक उक्त कार्यों को पूरा नहीं करने वाले संवेदक एवं पदाधिकारी के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार सरकार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*1087. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत मदनपुर प्रखंड के ग्राम-नरकपी के सामने 80 चैन के पास मदार नदी पर पुल नहीं रहने से आस-पास के दर्जनों गाँव के ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त वर्णित स्थल पर पुल का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का पक्कीकरण

*1088. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत प्रखंड रामगढ़वा में पखनहिया पंचायत के तिलावे नदी पुल से पश्चिम तरफ कालीकापुर होकर पोखरिया होते हुये पीच सड़क खौड़वा चौक तक लगभग 3 कि०मी० सड़क का स्थिति अत्यन्त खराब है जिस कारण बरसात के समय इस पथ पर आवागमन पूर्णतः अवरुद्ध हो जाता है और निकटवर्ती आबादी को कष्ट का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित पथ का पक्कीकरण कार्य कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*1089. श्री अमन कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती प्रखंड के नारायणपुर, खड्गपुरा, मौजा, बगहा टोला, गोविन्दपुर से सीमाना-बाखपुर जाने वाली सड़क विगत तीन वर्षों से निर्माणाधीन है परन्तु अबतक कार्य पूरा नहीं होने से आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नाला का निर्माण

*1090. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर प्रखंड मड़वा पूरब पंचायत के वार्ड नं० 2, यादव टोला में उपेन्द्र ठाकुर के घर से मुरारी झा के घर तक नाला नहीं रहने के कारण सभी के घर का पानी रोड पर बहता है;

(2) क्या यह बात सही है कि घर का पानी रोड पर बहने से ग्रामीणों को आने-जाने में काफी कठिनाई होती है एवं रोड पर पानी जमा रहने से बीमारी फैलने का खतरा रहता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वार्ड नं० 2 के यादव टोला में उपेन्द्र ठाकुर के घर से मुरारी झा के घर तक नाला का निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नाला का निर्माण

*1091. डॉ० उषा विद्यार्थी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला से पालीगंज होते हुये बिहटा-औरंगाबाद राज्य पथ गुजरती है, जिसके दोनों ओर पालीगंज बाजार में नाला नहीं होने के कारण जल निकासी नहीं हो रही है जिससे आम लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त राज्य पथ पर बसे पालीगंज बाजार में नाला निर्माण करने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पी०सी०सी० कराना

*1092. श्री ज्ञानचन्द माँझी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत दिघवारा प्रखंड के आमी ग्राम में स्व० प्रभू साह के मकान के सामने दक्षिण की ओर गंगा किनारे तक एक सड़क जाती है जो नक्शा में तीस फीट चौड़ी है, जिसका अतिक्रमण श्री गोगल सिंह, श्री बिक्रमा सिंह एवं श्री त्रिलोकी सिंह द्वारा कर लिये जाने के कारण सड़क संकीर्ण हो गयी है साथ ही जर्जर स्थिति में है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने के साथ-साथ पी०सी०सी० करने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*1093. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत दमदमा महानंदा बाँध से झौआ महानंदा ब्रिज तक 6 कि0मी0 बाँध का चौड़ीकरण सहित सड़क निर्माण नहीं होने के कारण हरनागर, झौआ, आजमनगर, आलमपुर सहित 12 पंचायत के 75 हजार निवासियों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बाँध का चौड़ीकरण सहित सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है ?

------------

सड़क का निर्माण

*1094. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत प्रखण्ड रामगढ़वा में अहिरौलिया से शिवपुर वृता ज्ञानी जी के टोला होते हुये पीपरपाती सड़क तक लगभग 03 कि0मी0 कच्ची सड़क की स्थिति अत्यन्त खराब है जिस कारण स्थानीय लोगों को आवागमन एवं यातायात में असुविधाजनक स्थिति का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का नवनिर्माण कार्य कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क की मरम्मती

*1095. श्री बृजकिशोर सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत भगवानपुर प्रखण्ड के भगवानपुर नौगढ़ पथ विगत 5 वर्षों से जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

जाम गेटों को खोलना

*1096. श्री बृजकिशोर बिन्द--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि उत्तर प्रदेश स्थित लतीफ साह वीयर से कैमूर जिलान्तर्गत चाँद प्रखण्ड एवं दुर्गावती प्रखण्ड के खेतों का पटवन होता है;

(2) क्या यह बात सही है कि 300 क्यूसेक पानी का एग्रीमेंट हुआ है, लेकिन वेन हेड का दो गेट जाम पड़े रहने के कारण उतना पानी नहीं मिलता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वेन हेड के दो जाम पड़े गेटों को खोलवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बाढ़ से निजात दिलाना

*1097. श्री फैयाज अहमद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखण्डान्तर्गत अधवारा समूह की नदी का (पूर्वी तटबंध) दुर्जोलिया-रथौल से लालपुर तक टूटा हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बाँध के टूटे रहने से अधवारा समूह का पानी बिस्फी क्षेत्र के एक बड़े भू-भाग में फैलकर बाढ़ की स्थिति उत्पन्न कर देती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ध्वस्त तटबंध का निर्माण कर वहाँ के ग्रामीणों को प्रतिवर्ष आने वाले बाढ़ से निजात दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

जल निस्सरण करना

*1098. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रुन्नीसैदपुर प्रखण्ड के रामपुर, गरगता, अथरी, रैण, रामनगर एवं हनुमाननगर गाँवों में जल निस्सरण का कार्य एक वर्ष पूर्व शुरू किया गया था, कार्य छः माह से बंद है, यदि हाँ, तो मनुषमारा जल निस्सरण योजना अंतर्गत उक्त ग्राम का जल निस्सरण नहीं होने का क्या औचित्य है ?

------------

सड़क का जीर्णोद्धार

*1099. श्री महेन्द्र बैठा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखण्ड के बहुआरा चौक से हरि प्रसाद के घर तक का सड़क 5 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का निर्माण

*1100. डॉ० कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के खिजर सराय प्रखण्ड के तेतारपुर से गोसाईमठ पथ बहुत जर्जर तथा सड़क पर बड़ा-बड़ा गड्ढा हो गया है, जिससे आवागमन बाधित रहता है, यदि हाँ, तो सरकार खिजर सराय प्रखण्ड के तेतारपुर से गोसाईमठ पक्की पथ का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1101. श्रीमती गुलजार देवी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखण्ड स्थित डारह और उच्च विद्यालय, बलिया के बीच तिरयुगा नदी बहती है, जिसमें सालोंभर पानी बहता है, नदी पर पुल नहीं रहने के कारण बाढ़ के दिनों में बच्चे/बच्चियाँ पढ़ाई से वंचित हो जाते हैं और आम नागरिक को भी प्रखण्ड मुख्यालय, मधेपुर आने जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित नदी पर पुल बनाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नलकूप लगाना

*1102. श्री ललन राम—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत प्रखण्ड कुटुम्बा, नवरनगर, देव एवं मदनपुर का भू-भाग में सिंचाई का अभाव है, जिससे उक्त प्रखण्डों के किसानों एवं मजदूरों की हालत काफी दयनीय है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्डों में राजकीय नलकूप लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*1103. श्री प्रेम रंजन पटेल—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत एन०एच० 80 रामपुर से लाखोचक मोड़ प०नि०वि० सड़क तक सड़क जर्जर होने के कारण आवागमन लायक नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार रामपुर से लखीचक तक सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*1104. श्री आनन्दी प्रसाद यादव—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत अररिया, बैरगाछी, मदनपुर, बरदाहा से पहाड़ा चौक तक 29 कि०मी० की सड़क से हजारों वाहन प्रतिदिन गुजरते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड(1) में वर्णित सड़क पिछले तीन वर्षों से अत्यंत जर्जर अवस्था में है, जिसके कारण आवागमन में परेशानी होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित सड़कों का निर्माण एवं चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कल्भर्ट का निर्माण

*1105. श्री कृष्णनन्दन पासवान--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत मोतिहारी से अरेराज जानेवाली पथ में तुरकौलिया प्रखण्ड के कवलपुर ग्राम के सामने पथ में कल्भर्ट नहीं रहने के कारण कवलपुर ग्राम में जल-जमाव हो जाता है, जिस कारण ग्रामीण महामारी का शिकार हो रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर कबतक पथ में आर०सी०सी० कल्भर्ट निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

आवागमन बहाल करना

*1106. श्री महेश पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत फलका प्रखण्ड के मौरसंडा पंचायत में दोनों ओर सड़क के बीचों बीच बहने वाली बरण्डी नदी पर पुल नहीं रहने के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नदी पर पुल का निर्माण कर आवागमन सुचारू ढंग से कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

भवन का निर्माण

*1107. श्री रामसूरत राय--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के औराई विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत कटरा प्रखण्ड स्थित खंगुराडीह पंचायत सचिवालय भवन की स्वीकृति वर्ष 2012-13 में प्रदान किया गया तथा उक्त भवन निर्माण के लिये भूमि भी उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित सचिवालय का भवन कबतक निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पईन का जीर्णोद्धार

*1108. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत गुरारू प्रखण्ड के कोसी बड़का आहर, धरेरा पोखर, ददपा पईन, तरौची पईन का जीर्णोद्धार आजतक नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त आहर/पईन का जीर्णोद्धार कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1109. श्रीमती दिलमरणी देवी- क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत ब्रह्मपुर निर्वाचन क्षेत्र के ब्रह्मपुर प्रखंड में बिहार घाट से हरदी घाट तक पीपा पुल निर्माण हेतु वर्षों पूर्व लगभग 16 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि सही है कि उपरोक्त पीपा पुल के लिये निविदा भी आमंत्रित किया जा चुका है, परन्तु दिनांक 28 फरवरी, 2015 तक निर्माण कार्य प्रारंभ तक नहीं हो सकी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बक्सर जिलान्तर्गत ब्रह्मपुर निर्वाचन के उक्त पीपा पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*1110. श्री संजय सिंह ''टाइगर''--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना आरा पथ (एन०एच० 30) एन०एच०डी०पी० फेज-III में चार लेन तथा कोईलवर में चार लेन पुल स्वीकृत है, जिसका निर्माण वर्ष 2015 तक पूर्ण होना था, परन्तु अभीतक कार्यारम्भ नहीं हो पाया है, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त पथ एवं पुल का निर्माण कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुलिया का जीर्णोद्धार

*1111. श्री शिवेश कुमार- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अगिआँव प्रखंड के हिलियाँ ग्राम के सामने नहर पर अवस्थित पुलिया क्षतिग्रस्त हो चुका है, जिससे वहाँ के किसानों को आने-जाने एवं नहर उस पार खेती करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुलिया का जीर्णोद्धार करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नलकूप चालू कराना

*1112. श्री मदन सहनी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के हनुमाननगर प्रखंड के नेयाम, छतौना पंचायत के ग्राम-उघौली में झखड़ी पाकड़, रतिलाल के बरगद पेड़ के पास नेयाम ग्राम के गोनागढ़ी के निकट एवं स्कूल के निकट नलकूप 5 वर्षों से बंद रहने के कारण किसानों को पटवन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बंद नलकूप को चालू कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का जीर्णोद्धार

*1113. श्रीमती मुन्नी देवी - क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बिहियाँ प्रखंड के ग्राम-पकड़ी के सामने ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क पर अवस्थित पुल अत्यंत जर्जर हो चुका है और आवागमन पूर्णतया ठप है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आवागमन बाधित हो जाने के कारण पकड़ी ग्राम समेत दर्जनों ग्राम के ग्रामीणों को जिला मुख्यालय आरा जाने के लिये 10 किलो मीटर के बदले 40 किलो मीटर की लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे ग्रामीणों को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का जीर्णोद्धार कराकर यहाँ के ग्रामीणों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*1114. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत पिपरिया प्रखंड के मुख्यालय भवन निर्माण का शिलान्यास वर्ष 2013 में किया जा चुका है, परन्तु निर्माण कार्य अभीतक प्रारंभ नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखंड का अपना भवन नहीं रहने से स्थानीय स्कूल भवन में प्रखंड कार्यालय का कार्य चलने से बच्चों का शिक्षण कार्य बाधित हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पिपरिया प्रखंड मुख्यालय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1115. श्री रामावतार पासवान - क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत अन्धराठाढ़ी प्रखंड अंतर्गत पश्चिमी कोसी शाखा नहर जो खुटौना से हाड़ी की ओर जाती है, वहाँ बसवा एवं फुलवरिया के बीच पुल नहीं रहने के कारण दस गाँव के 30 हजार की आबादी को आवागमन में काफी कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बरसात एवं बाढ़ के समय उक्त दस गाँवों का सम्पर्क जिला मुख्यालय से टूट जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बसवा एवं फुलवरिया के बीच नहर में पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*1116. श्री आलोक रंजन - क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के सौर बाजार प्रखंड अंतर्गत भवटिया से सहरसा आनेवाली पथ की हालत अत्यंत ही खराब है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

रेगुलेटर का निर्माण

*1117. श्री मदन सहनी–क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला में बाढ़ नियंत्रण के लिये बागमती नदी के सोरमार हाट से हायाघाट तटबंध के 14.85 कि०मी० की दूरी पर स्थित पंचफुटिया के पास हेड रेगुलेटर का निर्माण वर्ष 2012-13 में करना था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थल पर हेड रेगुलेटर निर्माण के लिये कार्यपालक अधीक्षक, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, दरभंगा के पत्रांक 1490, दिनांक 31 जुलाई, 2012 के द्वारा अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण अंचल, दरभंगा को पत्र लिखा गया, फिर भी आजतक पंचफुटिया के पास हेड रेगुलेटर का निर्माण नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त स्थान पर हेड रेगुलेटर का निर्माण नहीं होने का क्या औचित्य है ?

---

नाला का निर्माण

*1118. श्रीमती उषा सिन्हा–क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिले के हिलसा, कराय परशुराय, परवलपुर एवं थरथरी प्रखंडों के पचास प्रतिशत गाँवों में जल निकासी के लिये नाले की समुचित व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण गाँवों के टोलों में गंदगी और कूड़े-कचरे के ढेर पड़े रहते हैं, इसका दुष्प्रभाव ग्रामीणों सहित मवेशियों पर भी पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जल निकासी हेतु नाले का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन की मरम्मती

*1119. श्री राजेश्वर राज–क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि व्यवहार न्यायालय, बिक्रमगंज में पदस्थापित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिये निर्मित सभी आवास पिछले तीन वर्षों से जर्जर हो गये हैं, जिसके कारण इसमें निवासित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त भवनों की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*1120. डॉ० अरुण कुमार–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के सौर बाजार प्रखंड अंतर्गत रौता, साहू टोला से इनरबा तक कोई पक्की सड़क नहीं है तथा सड़क के दोनों बगल घनी आबादी है, जिसके चलते लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा देना

*1121. श्री अशोक कुमार–क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत करेह नदी के हायाघाट-कराचीन तटबन्ध के 30.60 कि०मी० से 31.60 कि०मी० के बीच तटबन्ध कटाव निरोधक कार्य के लिये करीब दो एकड़ जमीन वर्ष 2003 में ही अधिग्रहण कराया गया था और अबतक स्थानीय किसान को इसका मुआवजा नहीं दिलाया जा सका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक किसानों को मुआवजा का भुगतान कराने का विचार रखती है ?

---

सड़क का निर्माण

*1122. डॉ० उषा विद्यार्थी–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पालीगंज प्रखंड अंतर्गत पालीगंज-महाबलीपुर पथ से एक सड़क निकलकर एन०एच० 98 के करकट बिगहा में मिलती है, जो अत्यंत जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में वर्णित सड़क की मरम्मती की शुरूआत वर्ष 2009-10 में करने के बावजूद इसका मरम्मती कार्य आजतक नहीं पूर्ण हो सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क के निर्माण का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*1123. श्री सदानन्द सिंह–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत सन्हौला प्रखंड के ग्राम-सनोखर में भोला सिंह (पी०डब्लू०डी० रोड से) के घर से थाना, भागो तांती, रोहिन हरिजन एवं कृपाली हरिजन के घर होते हुये सनोखर बाजार तक सड़क नहीं है, जिसके कारण आम ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है ?

---

आवागमन बहाल करना

*1124. श्री ललन राम–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत प्रखंड कुटुम्बा में अम्बर से देव तक जाने वाली पथ में बटाने नदी पर पुल नहीं रहने के कारण वर्षात के दिनों में आवागमन में काफी कठिनाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क से चैत्र माह एवं कार्तिक में छठ पूजा के अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं का आवागमन रहता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बटाने नदी पर पुल निर्माण कराकर आवागमन बहाल कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का कालीकरण

*1125. श्री रामसेवक सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के प्रखंड हथुआ के ग्राम एकडांगा से निकलने वाली पथ जो प्रखंड फुलवरिया के ग्राम किसुनदेव छापर होते हुये कोयला देवा बाजार तक जाती है, जर्जर तथा गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का कालीकरण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला का निर्माण

*1126. श्री चितरंजन कुमार—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत सदर प्रखंड के रामपुर चौरम गाँव में कृषि कार्य हेतु आहर में स्लुईस गेट एवं नाला का निर्माण नहीं होने से किसानों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त आहर में स्लुईस गेट एवं नाला का निर्माण कबतक कराना चाहती है ?

--------

बाँध की मरम्मती

*1127. श्री प्रदीप कुमार—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावाँ प्रखंड के ग्राम पंचायत-ढ़ोढ़ा स्थित ग्राम-रेवार के आहर में विगत वर्ष आयी बाढ़ से आहर का बाँध 6 (छः) स्थान पर टूट गया है, यदि हाँ, तो सरकार ग्राम-रेवार के आहर का टूटे बाँध की मरम्मती कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1128. श्रीमती रजिया खातुन—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत कल्याणपुर प्रखंड के बरहरवा महानन्द हनुमान मंदिर से जंगी ठाकुर के घर तक सड़क कच्ची है जिस कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित स्थान पर पी०सी०सी० सड़क का निर्माण कराना चाहती है ?

--------

सड़क का निर्माण

*1129. श्री संजय सिंह 'टाईगर'—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत उदवन्त नगर प्रखंड में आरा-सासाराम पथ से कसाप होते हुये कुरुम्हा ग्राम तक जाने वाली सड़क ब्रीक सोलिंग एवं कच्ची है, जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में काफी असुविधा होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का स्टेट और नेटवर्क में शामिल होने के बावजूद अभीतक निर्माण नहीं हो सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*1130. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत उजियारपुर प्रखंड के नाजीरपुर पंचायत के रेलवे गुमटी संख्या 41 से श्री राकेश बाबू मास्टर साहब के घर होते हुये श्री सुखदेव झा के घर तक का सड़क जर्जर है तथा सालों भर पानी एवं कीचड़ से भरा रहता है, जिससे सैकड़ों की आबादी को कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क एन०एच० 28 एवं रेलवे स्टेशन पर जाने का महत्वपूर्ण मार्ग है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*1131. डॉ० इजहार अहमद–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के गौड़ा बौराम विधान-सभा क्षेत्र अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से बिशनपुर से थाना चौक, कुनौनी से आधारपुर सड़क, रघुनाथपुर से रामखेतारिया की सड़क की स्वीकृति हुये पाँच वर्ष हो गये एवं कार्य अधूरा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कार्यों को प्राक्कलन के अनुसार तीन वर्ष पूर्व पूरा किया जाना था जो आजतक अधूरा पड़ा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसके लिये संबंधित पदाधिकारी एवं संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये उक्त अधूरे कार्यों को पूरा कराने का विचार रखती है ?

---------

नलकूप चालू करना

*1132. श्री मनोज कुमार सिंह–क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि चीनी मिल क्षेत्रों के अन्तर्गत कुल 490 नलकूपों का जीर्णोद्धार वर्ष 2014-15 में 76.883 करोड़ रुपये की लागत से शुरू किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि 490 नलकूपों में अबतक 232 नलकूपों के जीर्णोद्धार का कार्य भी प्रारम्भ नहीं की गयी है जिससे 4176.356 हेक्टेयर क्षेत्रों में सिंचाई क्षमता पुनर्स्थापित न हो सकी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो 232 बन्द पड़े नलकूपों को सरकार कबतक जीर्णोद्धार कराकर चालू कराने का विचार रखती है ?

पथ की मरम्मती

*1133. श्री सुबाष सिंह–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत गोपालगंज प्रखंड के गोपालगंज से रामचन्द्रपुर जानेवाली 6 कि०मी० लम्बी ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क जिसपर चीनी मिल रहने के कारण आवागमन का अत्यधिक दबाव है, का विगत चार वर्षों से कोई मेंटेनेंस नहीं होने के कारण जर्जर हो गयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है ?

---

पुल का निर्माण

*1134. मो० आफाक आलम–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखंड के डिमियां पंचायत के सुरहा गाँव के सौरा नदी पर पुल का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे अररिया एवं पूर्णियाँ की आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक, उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुलिया का निर्माण

*1135. श्रीमती सुजाता देवी–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखंड के पंचायत चौराहा के ग्राम चौराहा में मुख्य टोला से पूरब जाने के लिये श्री सच्चिदानन्द राय के घर के तीन सौ फीट पूरब स्थानीय सड़क प्रति वर्ष बाढ़ के दिनों में पानी के दबाव से टूट जाती है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में बाधा उत्पन्न हो जाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कटाव स्थल पर एक पुलिया का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

---

नलकूप चालू करना

*1136. डॉ० अब्दुल गफूर–क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सत्तर कटैया प्रखंड में ऑपरेटर के कमी के कारण दो नलकूप बंद है जिससे कृषकों को नलकूप का लाभ नहीं मिल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक नलकूप चालू कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल बनाना

*1137. श्री सत्यदेव सिंह–क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के गोह प्रखंडान्तर्गत हथियारा पंचायत के ग्राम-भिमलीचक के पास नवनिर्मित देवकुण्ड हमीदनगर डैम पथ में माली रजवाहा पर निर्मित बहुत पुराना पुल जर्जर हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जर्जर पुल से होकर काफी संख्या में वाहन गुजरते हैं जिससे दुर्घटना होने और मार्ग अवरुद्ध होने का खतरा बना रहता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल के स्थान पर नया पुल बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का पक्कीकरण

*1138. श्री दिनकर राम–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के दानापुर प्रखंडान्तर्गत ग्राम कोठियां से दुखित टोला (बाबूचक) तक की सम्पर्क पथ कच्ची होने से आमजन को आवागमन में काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का जीर्णोद्धार

*1139. श्रीमती देवंती यादव–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नरपतगंज प्रखंड के अन्तर्गत मधुरा उत्तर से अचरा जानेवाली सड़क वर्ष 2012-13 में बना, लेकिन तीन वर्ष में ही जर्जर हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल बनाना

*1140. श्री विभाष चन्द्र चौधरी–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बरारी प्रखंड के सेमापुर बाजार से मोहना चाँदपुर के कुंडी घाट तक एक पक्की सड़क तीन वर्ष पूर्व बनायी गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि मोहना चाँदपुर के कुंडी घाट पर पुल का निर्माण अबतक नहीं कराये जाने के कारण सेमापुर बाजार से बरारी प्रखंड के सीमावर्ती गाँवों में जाने वाले लोगों को आवागमन में परेशानी होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मोहना चाँदपुर के कुंडी घाट पर पुल बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*1141. श्री अमरनाथ गामी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहेड़ी प्रखंड अन्तर्गत झगड़ी-उज्जैना पथ का कार्य वर्ष 2008-09 में प्रारंभ किया गया है, परन्तु निर्माण कार्य अभीतक पूरा नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है ?

------

प्रशिक्षण केन्द्र खोलना

*1142. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के तारापुर विधान-सभा क्षेत्र अन्तर्गत पाँचों प्रखंड यथा तारापुर, असरगंज, संग्रामपुर, हवेली खड्गपुर तथा टेटिया बम्बर में से किसी भी प्रखंड में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त किसी भी प्रखंड में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र खुलवाने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--आंशिक रूप से स्वीकारात्मक। वस्तुस्थिति यह है कि मुंगेर जिला के अन्तर्गत दो औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान यथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मुंगेर एवं महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मुंगेर स्थापित है जिसमें मुंगेर जिला के सभी अनुमंडलों/प्रखंडों के सुयोग्य युवक/युवती प्रशिक्षण प्राप्त करने के पात्र हैं।

वर्तमान में मुंगेर जिला के तारापुर विधान-सभा क्षेत्र के अन्तर्गत पाँचों प्रखंड यथा तारापुर, असरगंज, संग्रामपुर, हवेली खड्गपुर तथा टेटिया बम्बर में कोई और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने का प्रस्ताव राज्य सरकार के विचाराधीन नहीं है।

------

सड़क का पक्कीकरण

*1143. श्री रामबालक सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत समस्तीपुर प्रखंड के धुरलक पंचायत में आदर्शनगर मुहल्ला के वार्ड 15 के गली नं० 1ई में श्री विद्यानन्द झा के घर से श्री अजय कुमार सिंह एवं श्री अर्जुन प्रसाद सिंह के घर तक कच्ची सड़क है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क सालोंभर पानी एवं कीचड़ से भरा रहता है, जिससे सैकड़ों की आबादी को कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

### ट्यूबवेल चालू करना

*1144. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत गुरारू प्रखंड के ग्राम पंचायत, बरोरह के ग्राम-सुदर्शन बिगहा में स्टेट ट्यूबवेल में 63 के०वी०ए० बिजली का ट्रांसफार्मर लगा दी गई है, पर ट्यूबवेल चालू नहीं हुआ है, जिससे उक्त गाँव के किसानों को सिंचाई से वंचित रहना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँव का ट्यूबवेल चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

### सड़क का निर्माण

*1145. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मोतिहारी जिला के पीपरा कोठी प्रखंड के एन०एच० 28 बाँडगंज से देकहाँ पथ में बेला जर्जर छतौनी पुल एवं मोतिहारी प्रखंड के लखौरा पथ निर्माण विभाग पथ से बरपा से फलवार, पूर्वी पारी बरपा, पछियारी-बरपा पथ जर्जर अवस्था में है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार मोतिहारी एवं पीपरा कोठी के जर्जर पुल प्रधान मंत्री सड़क का निर्माण कराकर आवागमन चालू कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

### सड़क का पक्कीकरण

*1146. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत प्रखंड पतरघट के धबौली पश्चिमी पंचायत के कारगिल चौक से मानिकपुर-पतरघट जानेवाली सड़क काफी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जीर्ण-शीर्ण सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

### ट्यूबवेल का निर्माण

*1147. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अंतर्गत सोनबर्षा प्रखंड के सरौनी, मंगपुरा पंचायत के रघुनाथपुर, वेंट मुसहरी, अतलखा, बड़गाँव, बरयम, सहसौल, काशी नगर के किसानों को सरकारी ट्यूबवेल नहीं रहने के कारण सिंचाई में काफी असुविधा हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सभी ग्रामीणों को किसानों द्वारा कई बार लिखित आवेदन देकर स्थानीय प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया परन्तु अभीतक ट्यूबवेल उपलब्ध नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उपरोक्त ग्रामों में ट्यूबवेल गाड़कर किसानों को सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

तटबन्ध का निर्माण

*1148. श्रीमती सुखदा पाण्डेय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के बक्सर प्रखंड में गंगा किनारे अवस्थित ग्राम-मझरिया के लोग गंगा कटाव से पीड़ित हैं तथा उनकी भूमि लगातार कटकर गंगा नदी में विलीन हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव में गंगा किनारे के बहुत ही कम भू-भाग में कटाव नियंत्रण का कार्य किया गया है, तथा लगभग 600 मीटर तटबंध का निर्माण नहीं होने से कटाव लगातार जारी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँव में छूटे हुये भू-भाग में तटबंध निर्माण का कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का जीर्णोद्धार

*1149. श्रीमती दिलमरणी देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत सेमरी प्रखंड के आशा परहृी से गंगौली तक पथ से लगभग 50 गाँव के लोग लाभान्वित होते हैं जो जर्जर स्थिति में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सायफन की मरम्मती

*1150. डॉ० फैयाज अहमद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के रहिका प्रखंडान्तर्गत डुमरी ग्राम स्थित कोसी नहर का दोनों सायफन पूर्णत: ध्वस्त हो जाने के कारण पानी का निकास अवरुद्ध हो गया है, जिस कारण आस-पास के बहुत बड़े भू-भाग में जल-जमाव के कारण प्रतिवर्ष हजारों एकड़ की फसल बर्बाद हो जाया करती है, यदि हाँ, तो सरकार ध्वस्त सायफन की मरम्मती कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नलकूप चालू करना

*1151. श्री बृजकिशोर सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखंड के इब्राहीमपुर पंचायत के इब्राहीमपुर गाँव में चार राजकीय नलकूप है, जो 10 वर्षों से बंद है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बंद पड़े नलकूप को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क का निर्माण

*1152. श्री अवधेश सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत हाजीपुर प्रखंड के हाजीपुर लालगंज सड़क के चन्द्रालय चौक के रामनरेश सिंह के लकड़ी मिल के निकट से वलवा कोआरी चेतनाभंग होते हुये सुरेश पासवान मुखिया के घर तक सड़क 10 वर्षों से जर्जर होने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## नाला का निर्माण

*1153. श्री सुरेश कुमार शर्मा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर शहर अंतर्गत बैरिया गोलम्बर से लक्ष्मी चौक तक की सड़क पूर्व से पथ निर्माण विभाग की सड़क है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सड़क के किसी भी तरफ से नाले की व्यवस्था नहीं है, जिससे सैकड़ों घरों में हमेशा पानी लगा रहता है तथा महामारी फैलने की आशंका रहती है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त पथ में यथा शीघ्र नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## पुल निर्माण कराना

*1154. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका प्रखंड में बलुआ-लौखान के बीच आर०सी०सी० पुल निर्माण हेतु निविदा फरवरी 2014 में हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त आर०सी०सी० पुल की निविदा विभागीय उदासीनता के कारण निष्पादन नहीं होने से पुल के निर्माण में देरी के कारण आमजनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निविदा का निष्पादन कराकर आर०सी०सी० पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## पईन की सफाई

*1155. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के चरपोखरी प्रखंड अन्तर्गत कुरमुरी राजवाहा से निकली पईन की सफाई नहीं होने के कारण किसानों के फसल का उत्पादन प्रभावित हो रहा है तथा किसानों की आर्थिक स्थिति खराब हो गयी है, यदि हाँ, तो सरकार कुरमुरी राजवाहा से निकली पईन की सफाई कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*1156. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत मधेपुरा प्रखंड के गुमती नदी से भाया बेलारी होते हुये रौता जानेवाली प्रधान मंत्री सड़क का निर्माण कार्य वर्ष 2008 में शुरू हुआ एवं वर्ष दिसम्बर, 2014 में बनकर तैयार हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क निर्माण कार्य पूरा होते ही टूटना शुरू हो गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संवेदक पर कार्रवाई करते हुये उक्त सड़क का पुनः निर्माण कार्य शुरू करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

उड़ाही एवं स्लूईस गेट लगाना

*1157. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत करपी प्रखंड के जोनहा गाँव में जोनहा नाला बहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जोनहा नाला करपी सती स्थान तक जाती है जिससे किसानों का पटवन का कार्य होता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि जोनहा नाला में स्लूईस गेट नहीं रहने एवं उड़ाही नहीं होने के कारण किसानों के खेत में पानी नहीं पहुँचती है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नाला का उड़ाही कराने एवं स्लूईस गेट लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*1158. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय ''पप्पू''--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट प्रखंडान्तर्गत बखरी पंचायत के ग्राम-महुअवा के इसलाम बढ़ई के मकान से पश्चिम पंचायत भवन दलित टोला होते हुये श्री आनन्दी मियाँ के घर तक आवागमन हेतु पथ नहीं होने से ग्रामीणों को काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित स्थानों में पथ का निर्माण कराकर पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नलकूप चालू करना

*1159. श्री रामसूरत राय--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के औराई विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत औराई एवं कटरा प्रखंड में 90 प्रतिशत राजकीय नलकूप विगत 5 वर्षों से बन्द पड़ा हुआ है, जिससे

कृषकों को सिंचाई करने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित प्रखंडों का राजकीय नलकूपों को चालू कर कृषकों को सिंचाई सुविधा मुहैया कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पैन की सफाई

*1160. श्री श्याम बिहारी राम--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत चेनारी प्रखंड में चेनारी तेलारी नहर पैन में गाद भर गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नहर पैन की सफाई कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी पर कार्रवाई

*1161. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत घोड़ासहन प्रखंडान्तर्गत मुख्यमंत्री सेतु योजना के तहत बलुआ से लोखान के बीच आर०सी०सी० पुल निर्माण कार्य हेतु निविदा फरवरी, 2014 में किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि एक वर्ष बीत जाने के बावजूद निविदा का निष्पादन नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त पुल का निविदा निष्पादन कराकर आर०सी०सी० पुल निर्माण कराने तथा निविदा निष्पादन में उदासीनता बरतने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*1162 श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत कुमारखंड प्रखंड के बिशनपुर कोलाई पंचायत के परसर नदी के जमुहां घाट पर पुल का निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*1163. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत सरमेरा प्रखंड के ग्राम-छोटी पहियारी में मुख्य मंत्री सेतु योजना का कार्य वित्तीय वर्ष 2006-07 में प्रारम्भ किया गया है, जिसे वर्ष 2008-09 में पूरा किया जाना था, जो आजतक सम्पन्न नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार ससमय कार्य पूरा नहीं कराने वाले संबंधित पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुये इसे कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का चौड़ीकरण

*1164. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के दरभंगा बी0आई0पी0 रोड, बैंता चौक से अल्लपट्टी मोड़ चौक तक की सड़क का चौड़ीकरण नहीं हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के चौड़ीकरण के लिये कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, दरभंगा के पत्रांक 1171, दिनांक 2 अगस्त, 2014 द्वारा अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, दरभंगा को प्राक्कलन बनाने हेतु पत्र लिखा है और 2 करोड़ 12 हजार 900 रुपये का प्राक्कलन बनाया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

छिलका बनाना

*1165. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत हलसी प्रखण्ड के बल्लोपुर पंचायत अन्तर्गत महरथ गाँव के बहुआरा नदी में छिलका नहीं होने के कारण नदी का पानी व्यर्थ में बह जाता है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार महरथ गाँव के बहुआरा नदी में जखराज स्थान के पास छिलका बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल बनाना

*1166. डॉ0 अरूण कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर प्रखण्ड के ग्राम पंचायत, तरियामा में नरैयहा घाट पर पुल नहीं रहने के कारण आवागमन बाधित रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

आवागमन बहाल करना

*1167. श्री आलोक रंजन--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के 2008-09 में कहरा प्रखण्ड अन्तर्गत मुख्य मंत्री सड़क योजना से स्वीकृत सड़क बनगाँव फुनगी बाँध से महिडगरा घाट एवं बनगाँव फुनगी बाँध से मिसिंग लिंक तक आज भी अपूर्ण है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के नहीं बनने से उस क्षेत्र के हजारों लोगों के जनजीवन को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पूर्ण कराकर आवागमन बहाल कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क का पक्कीकरण

*1168. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय ''पप्पु''--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट प्रखण्डान्तर्गत सासामुसा-बथुआ मुख्य पथ के श्री गणेश राम के घर के निकट से होते हुये खजुरी पूरब टोला में श्री हरिनन्दन ठाकुर के घर तक जानेवाली कच्ची सड़क जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हो जाने के चलते ग्रामीणों को काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

## भवन का निर्माण

*1169. श्री मनीष कुमार--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत रजौन तथा धोरैया प्रखण्ड मुख्यालयों में सामुदायिक भवन नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड मुख्यालयों में एक-एक सामुदायिक भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

## शिलान्यास कराना

*1170. श्रीमती आशा सिन्हा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्य मंत्री सम्पर्क पथ योजना से दानापुर प्रखण्ड के अन्तर्गत 5 योजनायें वर्ष 2014 में स्वीकृत किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि योजना का कार्य विगत माह से प्रारंभ है, परन्तु उक्त योजनाओं का शिलान्यास नहीं हुआ है;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता सदस्या ने स्वयं विभाग को एक माह पूर्व उक्त योजनाओं का शिलान्यास करने हेतु पत्र दिया था, जिसपर आजतक कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो स्वीकृत योजनाओं का शिलान्यास नहीं करने का क्या औचित्य है ?

------------

## पथ का जीर्णोद्धार

*1171. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर विधान-सभा के बिहियाँ-जगदीशपुर-पीरो पथ, आरा-मोहनियाँ पथ एवं आरा से पटना पथ विगत 8 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथों का जीर्णोद्धार कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आवागमन बहाल करना

*1172. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के केसरिया प्रखंड अन्तर्गत एस०एच० 74 से गोधरी जानेवाली आर०डब्लू०डी० की सड़क का जर्जर एवं क्षतिग्रस्त हो जाने से यातायात में परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती कराकर आवागमन सुचारु करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*1173. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत मदनपुर प्रखंड के ग्राम-जमुआईन (भुजवाना) के पास मदार नदी पर पुल नहीं रहने से आस-पास के दर्जनों गाँव के लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त वर्णित स्थल के पास मदाड़ नदी पर पुल निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क की मरम्मती

*1174. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक प्रखंड के रोड नं० 14 खादी भंडार से एन०एच० 31 बगरी चौक तक भाया धनेश्वरी बाबा मंदिर, मंडल टोला गंगाधर बाबा मंदिर तक सड़क की स्थिति काफी जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क को बने हुये अभी मात्र दो साल हुआ है और एम०एन०पी० राज्य योजना के तहत बना है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का मरम्मतीकरण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का पक्कीकरण

*1175. श्री सत्यदेव नारायण आर्य--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के सिलाव एवं गिरियक प्रखंडान्तर्गत नालन्दा से पावापुरी को मिलाने वाली पथ का प्राक्कलन बनाकर पूरी प्रक्रिया पूरा कर निर्माण हेतु वर्ष 2013-14 एवं 2014-15 में ही टेंडर निकाला गया, परन्तु कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का पक्कीकरण करना चाहती है ?

सड़क का निर्माण

*1176. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर प्रखंड के ग्राम-जितवारपुर निजामत (कोरबद्धा) टेकुना चौक से हो रामन पोखर एवं मुसहर टोला जानेवाली सड़क का निर्माण नहीं होने से आमजनों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*1177. श्रीमती आशा देवी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना के बेली रोड, दानापुर से शिवरतन राय पथ होते हुये बी०बी० गंज, दानापुर मुख्य पथ तक सड़क एवं नाला का निर्माण कराने के संबंध में प्रश्नकर्ता सदस्या द्वारा दिनांक 26 सितम्बर, 2012 को सचिव, पथ निर्माण विभाग को पत्र दिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि सचिव, पथ निर्माण विभाग के कार्यालय स्थित कम्प्युटरीकृत आगत पंजीयन सं० 16797।, दिनांक 19 अक्टूबर, 2012 को दर्ज है, जिसपर आजतक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो प्रश्नकर्ता सदस्या द्वारा दिये गये पत्र पर कार्रवाई नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---------

पुल का जीर्णोद्धार

*1178. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के तारापुर प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत खैरा के ग्राम-खैरा में स्थित चमरगढ़ा पुल की स्थिति काफी जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*1179. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंड के सिमराही से जोंकी जानेवाली सड़क में तथा कोरियानी कुटी से भैयापट्टी के बीच 25-25 लाख की लागत से वर्ष 2006-07 में मुख्य मंत्री सेतु योजना से पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि 7 वर्ष गुजरने के बावजूद भी पुल निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है जिस कारण आवागमन बाधित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त अधूरे पुल निर्माण के लिये दोषी पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई तथा पुल निर्माण कार्य पूरा कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*1180. श्री कृष्ण कुमार ऋषि–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बरहरा कोठी प्रखंड अंतर्गत सुखसेना से लाड़गढ़ सीमा तक सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्य पूर्ण करना

*1181. श्री अरूण शंकर प्रसाद–क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंड के बासोपट्टी बाजार में सम-विकास योजना से वर्ष 2004 में 3.5 लाख की लागत से मार्केट शेड का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि 10 वर्ष बीतने के बाद भी कार्य अधूरा पड़ा हुआ है जिससे फुटकर सब्जी विक्रेता को भारी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो निर्माण पूरा नहीं करने के लिये लापरवाह अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई एवं निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है ?

---------

सड़क का कालीकरण

*1182. श्री अम्बिका सिंह–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत प्रखंड दुर्गावती में डी०के० रोड चेहारियाँ से रोहुआं खुर्द गाँव होते एन०एच०-2 तक एवं बिछिया मेन रोड से असुढ़ा गाँव तक रोड की स्थिति दयनीय है, जिससे उक्त दोनों गाँव के ग्रामीण जनता को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों गाँवों को सड़क का कालीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का निर्माण

*1183. श्री प्रदीप कुमार–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत वारिसलीगंज प्रखंड के ग्राम-बेल्दरिया (पेंगरी), शिवगंज एवं तुलापुर में सम्पर्क पथ नहीं है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्रामों तक सम्पर्क पथ का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

योजना से वंचित रखने का औचित्य

*1184. श्री श्याम बिहारी प्रसाद–क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा वर्ष 1993-94 से राज्य के बी०पी०एल० परिवारों को इन्दिरा आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा मुख्य मंत्री जीर्णोद्धार योजना के तहत 1996 से 2004 के बीच के इन्दिरा आवास योजना के लाभुकों को राशि उपलब्ध करायी जा रही है, जबकि 1993-94 के इन्दिरा आवास योजना के लाभुकों को इस योजना से वंचित रखा गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो वर्ष 1993-94 के इन्दिरा आवास योजना के लाभुकों को मुख्य मंत्री जीर्णोद्धार योजना से वंचित रखने का क्या औचित्य है ?

---------

बोरिंग चालू करना

*1185. श्री (मो०) तौसीफ आलम–क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के प्रखंड बहादुरगंज के बनगामा, समरेश एवं बहादुरगंज नगर पंचायत में सिंचाई की सुविधा हेतु राजकीय नलकूप लगाया गया तथा ऊर्जा विभाग द्वारा ट्रांसफॉर्मर लगाने के बावजूद आजतक स्टेट पम्प बोरिंग को चालू नहीं की गई है जिससे किसानों को सिंचाई सुविधा नहीं मिल रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार बंद पड़े स्टेट पम्प बोरिंग को अविलम्ब चालू करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*1186. श्रीमती सुनीता सिंह–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड प्रखंड के ग्राम पंचायत भंडारी के ग्राम-जयपुर महेन्द्र भगत के घर से दमामी सोमान होते हुये भंडारी दमामी सीमा के ज्ञानी भगत के घर तक 1.50 कि०मी० की सड़क का निर्माण कार्य वर्ष 2012 में डी०ए०पी० योजनान्तर्गत स्वीकृत है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वीकृत सड़क निर्माण की निविदा आजतक नहीं निकाला गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त सड़क का निर्माण नहीं कराने का क्या औचित्य है?

---------

पथ का निर्माण

*1187. श्रीमती ज्योति रश्मि–क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत नवाडीह पुल से भलुआही पुल होते हुये जगजीवन कॉलेज तक नहर पथ काफी जर्जर हो चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि रोड कटाव से सड़क हादसा में दर्जनों लोगों की मृत्यु हो चुकी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार नहर पथ का निर्माण कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1188. श्रीमती गुड्डी देवी–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलांतर्गत रून्नी सैदपुर प्रखंड के रून्नी सैदपुर से सोनपुरवा पथ में नाला में पुल नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ में पुल का निर्माण नहीं होने से आवागमन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती

*1189. श्री संजय सरावगी–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा सदर प्रखंड अंतर्गत ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क एन०एच० 57 ''फोर लेन'' से कंशी, जलवार मुख्य सड़क की हालत जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मरम्मती कराना

*1190. श्रीमती मंजू कुमारी–क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला स्थित भवन निर्माण विभाग के कार्यालय में विद्युतीकरण कार्य की स्थिति जर्जर हो चुकी है;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, मधेपुरा के द्वारा कार्यालय परिसर में विद्युतीकरण कार्य कराने हेतु सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को वर्ष 2013-14 में कई बार पत्र द्वारा अनुरोध किया गया है,

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भवन निर्माण विभाग कार्यालय एवं परिसर में विद्युतीकरण कार्य की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

---

भवन की मरम्मती

*1191. श्री विनय कुमार सिंह–क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत दिघवारा प्रखंड मुख्यालय के अधीन कई कर्मचारी भवन की स्थिति बिल्कुल जीर्ण-शीर्ण हो गई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कर्मचारी भवन की मरम्मती एवं रंग-रोगन का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आवास का निर्माण

*1192. श्री रामायण माँझी–क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के गुठ्नी, दरौली प्रखंड मुख्यालय के सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी के आवास जर्जर हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड के पदाधिकारी एवं कर्मचारी के आवास का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कटाव से बचाव

*1193. श्री सबा जफर–क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलांतर्गत अमौर विधान-सभा के अंतर्गत प्रखंड अमौर एवं बैसा में महानन्दा, परमान एवं कनकई नदी बहती है;

(2) क्या यह बात सही है कि अमौर प्रखंड का ग्राम-सतदीपुर, भनखोर एवं बलवा परमाण नदी के कटाव से बैसा प्रखंड के ग्राम-सिरसी से अमौर प्रखंड के हफनिया पंचायत अंतर्गत कोसी तोल मौजा तक महानंदा नदी के कटाव से एवं आमौर प्रखंड का ग्राम-भोजापुर से बाभन डोल बसौल एवं खाड़ी गाँव कनकई नदी के कटाव से प्रभावित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड (2) में वर्णित ग्रामों में कटाव निरोध हेतु कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*1194. श्री कृष्णनन्दन यादव–क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के खिजरसराय प्रखंड के पंचायतों में मनरेगा भवन न है;

(2) क्या यह बात सही है कि सभी पंचायतों में एक-एक मनरेगा भवन बनाया जाना है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खिजरसराय प्रखंड के सभी पंचायतों में एक-एक मनरेगा भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पोलों को सुव्यवस्थित करना

*1195. श्री सुरेश कुमार शर्मा–क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर शहर अंतर्गत पथ निर्माण विभाग के कार्य प्रमंडल 1 द्वारा पावर हाउस चौक से सकरी तक एवं बनारस बैंक चौक से भाया कच्ची-पक्की केरमा तक पथ का निर्माण कराया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि पथ निर्माण के क्रम में ही सभी बिजली के पोल जो सड़क के मध्य में है, उसे सड़क के किनारे करने की योजना थी, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्णित पथों में यथाशीघ्र सभी पोलों को सुव्यवस्थित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

तटबंध का निर्माण

*1196. श्रीमती (प्रो०) उषा सिन्हा--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के कराय परशुराय प्रखण्ड अन्तर्गत मेढ़ुमा-जलालपुर ग्राम से बेरमा दोमुहानी तक भुतही नदी में उत्तर की तरफ तटबंध नहीं रहने से जलालपुर, छित्तर बिगहा एवं बेरमा ग्राम के किसानों की सैकड़ों एकड़ भूमि बरसात के दिनों में जल-जमाव से डूबा रहता है, जिससे किसानों के फसल की हर वर्ष बर्बादी होती है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित तटबंध का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पंचायत में भवन का निर्माण

*1197. डॉ० अच्युतानन्द--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 14 जनवरी, 2015 के अंक में छपी खबर ''पंचायत सरकार भवन निर्माण की गति धीमी'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2014-15 में सरकार द्वारा राज्य में 1435 पंचायत भवनों के निर्माण की स्वीकृति अप्रील, 2014 में ही दी गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक राज्य में मात्र 273 पंचायत भवनों का ही निर्माण कराया जा सका है;

(3) क्या यह बात सही है कि पंचायत भवनों के निर्माण नहीं होने के कारण राज्य की जनता को कठिनाई होती है;

(4) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो मात्र 273 पंचायत सरकार भवनों के ही निर्माण कराने का क्या औचित्य है ?

**प्रभारी मंत्री**--(1) उत्तर अस्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि रु० 1213.37 करोड़ की लागत से 1435 पंचायत सरकार भवनों के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति वर्ष 2012-13 में ही प्राप्त हो चुकी है ।

(2) वस्तुस्थिति यह है कि उपर्युक्त वर्णित कुल स्वीकृत 1435 पंचायत सरकार भवनों में से अबतक 1321 पंचायत सरकार भवनों के निर्माण हेतु निविदा आमंत्रित की गई थी जिनमें से 210 पंचायत सरकार भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया गया है, 749 पंचायत सरकार भवनों का कार्य विभिन्न स्तरों पर प्रगति पर है एवं अवशेष 476 पंचायत सरकार भवनों का निर्माण कार्य विभिन्न स्तरों पर प्रक्रियाधीन है ।

(3) सरकार सभी पंचायतों में पंचायत सरकार भवन बनाना चाहती है तत्काल 13वें वित्त एवं राज्य योजना मद से 1435 पंचायत सरकार भवन का निर्माण किया जा रहा है । इसके अतिरिक्त बिहार ग्राम स्वराज योजना सोसाइटी द्वारा बिहार पंचायत सुदृढ़ीकरण परियोजना के अन्तर्गत राज्य के छः जिलों यथा पटना, नालन्दा, भोजपुर, सहरसा, सुपौल एवं मधेपुरा में 330 पंचायत सरकार भवनों के निर्माण का लक्ष्य है ।

(4) कंडिका (2) एवं (3) में स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है ।

पथ का निर्माण

*1198. श्री कृष्णनन्दन पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत प्रखण्ड हरसिद्धि एवं तुरकौलिया के दरियापुर से भाया जागा पाकड़ बहादुरपुर होते हुये बाबा धाम अरेराज जानेवाली पथ एवं तुरकौलिया निमुइया से खिरूआ बाजार तक का पथ जर्जर होने के कारण आमजनों को घोर कठिनाइयाँ हो रही हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों पथों का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नाला का निर्माण

*1199. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत दरभंगा-कुशेश्वर स्थान तक एस०एच० 56 का निर्माण वर्ष 2010 में इरकॉन कम्पनी द्वारा किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ के बीच बेनीपुर अनुमंडल के धरौड़ा चौक से भरथ चौक बेनीपुर तक सड़क किनारे दोनों बगल नाला का निर्माण नहीं होने के कारण उक्त स्थानों पर जल-जमाव हो जाने से आवागमन बाधित रहता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ के बीच सड़क के किनारे दोनों तरफ नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

---

जाम से मुक्ति

*1200. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार नगर निगम क्षेत्र में अत्यधिक यातायात का भार होने के कारण शहर में जाम की स्थिति बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कटिहार-प्राणपुर-रोशना हाट, एम०डी०आर० पथ पर जाम से मुक्ति हेतु विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बाँध बनाना

*1201. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखण्डान्तर्गत ग्राम-कोईरीडीह, दमड़ी बिगहा, लक्ष्मीपुर, बसहा तथा नाउर गाँवों का सिंचाई कोईरीडीह के पास कररबार नदी में बाँध के ध्वस्त होने से नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कररबार नदी में बाँध बनाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

---

नाला की सफाई

*1202. श्री रामसेवक सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के हथुआ विधान-सभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत राज वारवां कपरपुरा के ग्राम पीपरा के चँवर से निकलने वाला मलहनी नाला जो पीपरा, बालाहाता, बेकोरवाल, असनन्द टोला हरसौली होते हुये बदर जीभी के पास दाहा नदी में मिलती है, तल की सफाई नहीं हुई है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त नाला की सफाई कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1203. श्री (डॉ0) अच्युतानन्द--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अंतर्गत महनार बाजार से हसनपुर के बीच में हाजीपुर बछवाड़ा पथ में पुल का निर्माण नहीं कराने के कारण महनार प्रखंड के चकेसो एवं देशराजपुर ग्रामों में साल के 9 महीने पानी का जमाव होता है जिससे क्षेत्र की जनता को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार हाजीपुर बछवाड़ा पथ में महनार के चकेसो-देशराजपुर ग्राम के सामने पुल का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

महासेतु का निर्माण कराना

*1204. श्री सुबाष सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत गोपालगंज से बेतिया को जोड़े जाने हेतु गंडक नदी पर बन रहे महासेतु का निर्माण वाईब्रेटर मशीन का उपयोग किये बिना एवं अन्य विशिष्टियों को ध्यान में रखे बिना किये जाने के कारण बीम की ढलाई के 22 दिनों बाद छत ढालने के क्रम में बीमसहित छत गिर गयी, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इस मामले की जाँच कराकर कार्रवाई करेगी एवं प्राक्कलन की विशिष्टियों के अनुरूप महासेतु का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

---

सड़क की मरम्मती

*1205. श्री श्याम बिहारी राम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के रोहतास प्रखंडान्तर्गत अकबरपुर ग्राम से जारादाग तक की सड़क एन0 एच0 टू0 सी0 का भाग है, जो जर्जर अवस्था में है और आजतक नहीं बन पायी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर सड़क की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ बनाना

*1206. श्री शैलेश कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत जमालपुर प्रखंड के गौरीपुर से गंगटी तालाब होते हुये रामपुर पथ जर्जर है तथा उक्त पथ जमालपुर नगर परिषद् को जोड़ने वाला एक मात्र पथ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ को बनाने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बाँध का चौड़ीकरण

*1207. श्रीमती पूनम देवी यादव--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में 19 अक्टूबर, 2014 को छपी खबर ''खराब सड़क से बढ़ी लोगों की परेशानी'' की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुये क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि एन0 एच0 107 से लेकर छत्तीस नगर तक जानेवाली जी0 एन0 बाँध जर्जर होने से लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त बाँध का चौड़ीकरण, उच्चीकरण कराते हुये कालीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1208. श्री पद्म पराग राय वेणु--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखंड के अमहरा पंचायत के परमान नदी के कमता घाट पर आर0 सी0 सी0 पुल नहीं, है, यदि हाँ, तो सरकार कमता घाट पर आर0 सी0 सी0 पुल का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क बनाना

*1209. श्री रामेश्वर प्रसाद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के नोखा प्रखंड अंतर्गत बन रहे बाजार समिति बाईपास सड़क का निर्माण कार्य लगभग 4 वर्ष पहले कराया जा रहा था, लेकिन 20 प्रतिशत ही कार्य कराकर छोड़ दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क को बनाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नलकूप चालू करना

*1210. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी प्रखंड के मदनपुर पंचायत के राजकीय नलकूप विगत 10 वर्षों से बंद है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता द्वारा मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग को दिनांक 25 अप्रील, 2013 को उक्त नलकूप को चालू कराने हेतु पत्र लिखा गया है, पर आजतक नलकूप को चालू नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त नलकूप को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क निर्माण करना

*1211. श्री कृष्ण कुमार ऋषि– क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बनमनखी प्रखंड के जानकीनगर मौझीघाट से तेतरही सड़क विगत 15 वर्षों से जर्जर है;

(2)क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क जर्जर होने से लादूगढ़ एवं रामनगर फरसाही एवं मधुबन पंचायत के आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है;

(3)यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ निर्माण कराना

*1212. श्री हरिनारायण सिंह — क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पभेड़ी मोड़ (पटना) से भाया डियावां (नालन्दा) लच्छु बिगहा, रामघाट (महमदपुर) एन०एच०-30 "ए" तक आर०डब्लू०डी० पथ (लम्बाई लगभग 22 कि०मी०) का अधिग्रहण पथ निर्माण विभाग में किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत एन०एच०-30 "ए" के रामघाट (महमदपुर) से लच्छु बिगहा तक तीन कि०मी० पथ अतिजर्जर है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार एन०एच०-30 "ए" के रामघाट (महमदपुर) से लच्छु बिगहा तक तीन कि०मी० अतिजर्जर पथ का निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*1213. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के प्रखंड ताजपुर के एम०डी०आर० गंगापुर के निकट से चकहबीब (पासवान टोला) जानेवाली सड़क की स्थिति काफी खराब है जिसके कारण आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*1214. श्रीमती मुन्नी देवी–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1)क्या यह बात सही है कि ग्रामीण कार्य विभाग के विशेष सचिव के पत्रांक 1592, दिनांक 2 जुलाई, 2014 द्वारा श्रेणी-1 के अन्तर्गत पथों का प्राक्कलन कार्यपालक अभियंताओं को समर्पित करने का निर्देश दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल सासाराम के पत्रांक 493, दिनांक 23 जुलाई, 2014 द्वारा कार्य प्रमंडल, जगदीशपुर के प्राथमिकता सूची में पाँच सड़कों का प्राक्कलन समर्पित किया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि प्राथमिकता सूची के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर अंकित सड़क को दरकिनार कर चौथे एवं पाँचवें स्थान वाले सड़क की मरम्मती की निविदा निकाली गयी है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्राथमिकता के सड़क का निर्माण नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

सड़क की मरम्मती

*1215. श्री रामचन्द्र सदा– क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत खगड़िया प्रखंड के चेक्हा से बरदघट्टा तक जानेवाली सड़क जर्जर स्थिति में है, जिससे आवागमन में काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*1216. श्री (मो०) तौसीफ आलम — क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि यह बात सही है कि किशनगंज जिला के बहादुरगंज प्रखंड के गोवाबाड़ी पंचायत अन्तर्गत डोवाडांगी गड़गाँव प्रधान मंत्री सड़क के बीच नदी पर पुल निर्माण नहीं होने से आमजनों के आवागमन में काफी असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नदी पर पुल निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल निर्माण कराना

*1217. श्री अशोक कुमार–क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत वारिसनगर प्रखंड के रहुआ पूर्वी पंचायत में जनार्दन प्रसाद ठाकुर के खेत के निकट से राड़वारा महादलित टोला जानेवाली सड़क से गुजरने वाली नहर पर पुल का निर्माण नहीं होने से लोगों का आवाजाही बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नहर पर पुल निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सिंचाई सुविधा बहाल करना

*1218. श्री रामचन्द्र सदा–क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत अलौली प्रखंड के सभी पंचायत में राजकीय नलकूप बंद पड़ा हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सभी राजकीय नलकूप बंद रहने से किसानों का सिंचाई कार्य बाधित है जिस कारण फसल उपज पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सभी राजकीय नलकूपों को चालू कराकर किसानों को सिंचाई सुविधा बहाल करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

### सड़क का पक्कीकरण

*1219. श्री महेन्द्र बैठा --क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखंड के सिमरधारा पंचायत के रमौली डमरूआ सड़क से मुरली पोखर होते हुये मुकुन्दपुर सड़क कच्ची है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

### सड़क का निर्माण

*1220. श्रीमती सुखदा पाण्डेय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के बक्सर प्रखंड में गड़नी-शेरपुर पथ के निर्माण की स्वीकृति वर्ष 2006-07 में ही नाबार्ड योजना के अंतर्गत दी गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस सड़क के निर्माण का कार्य आरंभ तो किया गया, किंतु आधे-अधूरे काम करने के बाद संवेदक ने काम छोड़ दिया, जिससे सड़क बदतर स्थिति में पड़ी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क के निर्माण का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

### मुआवजा नहीं देने का औचित्य

*1221. श्रीमती देवंती यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत नरपतगंज प्रखंड के सोनापुर पंचायत से बेला पंचायत होते हुये सुपौल सीमा तक सड़क का निर्माण कार्य वर्ष 2012 से प्रारम्भ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के निर्माण हेतु सोनापुर पंचायत से बेला पंचायत होते हुये सुपौल सीमा तक जमीन का अधिग्रहण किया गया है, लेकिन किसानों को जमीन का मुआवजा अभीतक नहीं मिला है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त किसानों को अबतक जमीन का मुआवजा नहीं देने का क्या औचित्य है ?

------

### अधूरे कार्य को पूर्ण करना

*1222. श्री छोटे लाल राय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत सारण तटबंध मगरपाल छरकी में 35 कि०मी० सड़क का उच्चीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं पक्कीकरण का कार्य संवेदक के द्वारा कराना था ;

(2) क्या यह बात सही है कि संवेदक के द्वारा जितना कार्य कराना था नहीं करा सका, पुनः उस कार्य को कराने हेतु दूसरे संवेदक को कार्य कराने के लिये आवंटित किया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि दूसरे संवेदक द्वारा भी उक्त तटबंध में 10 कि०मी० का कार्य आधा अधूरा कराकर छोड़ दिया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तटबंध में बचे 10 कि०मी० का कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

### पथ का निर्माण

*1223. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत अस्थावां प्रखंड के सर्वे से नौआवा तक पथ का निर्माण विगत दो वर्ष पूर्व हो चुका है, परन्तु नौआवा से मानपुर ग्राम तक 2 कि०मी० तक पथ का निर्माण कराये जाने का आदेश विभाग ने वर्ष 2013-14 में दिया था परन्तु आजतक उक्त पथ 2 कि०मी०

पर कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, जिससे वहाँ की आम जनता में आक्रोश है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है तथा सरकार कबतक उक्त पथ के निर्माण का विचार रखती है, और नहीं, तो क्यों ?

------

पथ का सुदृढ़ीकरण

*1224. श्री रामाधार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत नवगढ़ मोड़ से बर्हाही हाल्ट रेलवे स्टेशन, नवगढ़ मोड़ से देव पुरानी जी०टी० रोड कार्मा मोड़ से राम नरेश सिंह हाल्ट, एन०एच० 98 बढ़वा मोड़ से फेसर पथ बाकन पुल से दोशमा बेल पीपू पथ की स्थिति आवागमन योग्य नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त सभी पथों का निर्माण शीर्ष मद 4515 एवं नाबार्ड मद से 2006-07 में हुआ था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथों की मजबूतीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

सड़क का चौड़ीकरण

*1225. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत आजमनगर प्रखंड के आजमनगर हॉस्पिटल से पिल्ली दिवानगंज तक महानंदा बाँध 18 कि०मी० की सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर रहने एवं चौड़ीकरण के अभाव के कारण लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बाँध की सड़क का चौड़ीकरण कराते हुये जर्जर सड़क की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है ?

------

सड़क का निर्माण

*1226. श्रीमती रजिया खातून--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत कल्याणपुर प्रखंड के तुलसीपट्टी गाँव में महावीर पासवान के घर से होते हुये अनचीत बैठा के घर तक सड़क कच्ची है, जिस कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित स्थान पर पक्की सड़क का निर्माण कराना चाहती है ?

------

पटना:
दिनांक 08 अप्रील, 2015 (ई०)।

हरेराम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि०स०मु० (एल०ए०) 3, डी०टी०पी०-450